कुल प्रश्नों की संख्या : 27 | | कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4

# XIY-202302

## विषय : व्यवसाय अध्ययन

समय : 3 घण्टे | [ पूर्णांक : 90

निर्देश :

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। निर्धारित अकों को ध्यान में रखते हुए उत्तर लिखे जायें।

(2) प्रश्न क्रमांक 01 से 8 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(3) प्रश्न क्रमांक 9 से 14 तक लघु उत्तरीय प्रश्न (I) हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं।

(4) प्रश्न क्रमांक-15 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न (II) हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। सभी प्रश्नों पर आंतरिक विकल्प हैं।

(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न (I) हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित हैं। सभी प्रश्नों पर आंतरिक विकल्प हैं।

(6) प्रश्न क्रमांक 24 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (II) है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित हैं। सभी प्रश्नों पर आंतरिक विकल्प हैं।

प्रश्न-1. ई-कॉमर्स में 'ई' का अर्थ .................. है? (01)

प्रश्न-2. विश्वबैंक की स्थापना कब की गई? (01)

प्रश्न-3. ऋणपत्रधारी कम्पनी के ................ कहलाते हैं। (01)

प्रश्न-4. किन कम्पनियों का कार्यक्षेत्र अनेक राष्ट्रों में फैला होता है? (01)

प्रश्न-5. किसी देश की सीमाओं के भीतर किए गए व्यापार को ................ कहते हैं। (01)

प्रश्न-6. एक अध्यापक का पाठशाला में पढ़ाना किस प्रकार की क्रिया है? (01)

प्रश्न-7. NSIC का मुख्य कार्यालय कहाँ स्थित है? (01)

प्रश्न-8. बैंकिंग व्यवसाय में साझेदारों की अधिकतम संख्या कितनी होती है? (01)

प्रश्न-9. बीमा के प्रकार लिखिए। (कोई तीन) (1+1+1=3)

प्रश्न-10. चार्टर पार्टी से क्या आशय है? (03)

प्रश्न-11. अनार्थिक क्रियाएँ किसे कहते हैं? (03)

प्रश्न-12 ई-व्यवसाय के लाभ लिखिए। (कोई तीन)। (1+1+1=3)

प्रश्न-13. कुटीर उद्योग एवं लघु उद्योग में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई तीन) (1+1+1=3)

प्रश्न-14. सार्वजनिक उपक्रम की परिभाषा लिखिए। (कोई एक) (03)

प्रश्न-15. प्रदूषण के चार कारणों को स्पष्ट कीजिए। (1+1+1+1=4)

**अथवा**

व्यावसायिक नीतिशास्त्र के महत्व को स्पष्ट कीजिए। (कोई चार)

प्रश्न-16. साझेदारी के गुण लिखिए। (कोई चार) (1+1+1+1=4)

**अथवा**

साझेदारी के दोष लिखिए। (कोई चार)

प्रश्न-17. थोक व्यापारी को परिभाषित कीजिए व उनकी दो विशेषताएँ लिखिए। (2+1+1=4)

**अथवा**

फुटकर व्यापारी द्वारा थोक व्यापारी को दी जाने वाली सेवाओं की व्याख्या कीजिए। (कोई चार)

प्रश्न-18 अंश तथा ऋणपत्र में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई चार) (1+1+1+1=4)

**अथवा**

पार्षद सीमा नियम एवं पार्षद अन्तर्नियम में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई चार)

**प्रश्न-19.** भूमण्डलीय उपक्रम अन्य व्यवसाय संगठनों से श्रेष्ठ क्यों माने जाते हैं? **(04)**

**अथवा**

देश के विकास में सार्वजनिक क्षेत्र के महत्व का उल्लेख कीजिए। (कोई चार)

**प्रश्न-20.** लघु व्यवसाय की समस्याओं का वर्णन कीजिए। (कोई पाँच) **(1+1+1+1+1=5)**

**अथवा**

भारत के सामाजिक आर्थिक विकास में लघु स्तरीय उद्योग क्या योगदान देते हैं?

**प्रश्न-21.** अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की कठिनाइयाँ लिखिए। (कोई पाँच) **(1+1+1+1+1=5)**

**अथवा**

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का महत्त्व लिखिए। (कोई 5)

**प्रश्न-22.** पेशा तथा रोजगार में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई पाँच) **(1+1+1+1+1=5)**

**अथवा**

व्यापार तथा वाणिज्य में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई पाँच)

**प्रश्न-23.** व्यावसायिक इकाइयों को प्रदूषण नियंत्रण उपायों को अपनाने की क्या आवश्यकता है? **(05)**

**अथवा**

"व्यवसाय निश्चित रूप से एक सामाजिक संस्था है, न कि केवल लाभ कमाने की क्रिया।" व्याख्या कीजिए।

**प्रश्न-24.** बैंकों का महत्व लिखिए। (कोई छ:) **(1+1+1+1+1+1=6)**

**अथवा**

संग्रहण एवं भण्डार गृहों की आवश्यकताएँ लिखिए। (कोई छ:)

**प्रश्न-25.** फुटकर व्यापार के गुण लिखिए। (कोई छः) **(1+1+1+1+1+1=6)**

**अथवा**

विभागीय भण्डार के दोष लिखिए। (कोई छः)

**प्रश्न-26.** कम्पनी की विशेषताएँ लिखिए। (कोई छः) **(1+1+1+1+1+1=6)**

**अथवा**

व्यावसायिक उपक्रम की विशेषताएँ लिखिए। (कोई छः)

**प्रश्न-27.** अंशों के प्रकार लिखिए। **(06)**

**अथवा**

वित्त प्राप्त करने के अल्पकालीन स्त्रोतों का वर्णन करो।